Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding four laning of Highway in Salempur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया और देवरिया की तरफ दिलाना चाहता हूं । हमारे यहां अच्छी रोड कनेक्टिविटी न होने के कारण इन दोनों जिलों में कोई अच्छे उद्योग-धन्धे नहीं हैं । मैंने वर्ष 2014 से ही लगातार मांग की है कि गोरखपुर से सलेमपुर, देवरिया होते हुए, बेल्थरा रोड, सिकन्दपुर, बाँसडीह, मनियर, रेवती, मांझी घाट, बिहार बॉर्डर तक लगभग 200 किलोमीटर की सड़क को एनएचएआई के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करके बनाया जाए ।

हमें खुशी है कि गोरखपुर से सलेमपुर तक रोड फोर लेन में हो गई है, लेकिन दूसरे चरण में सलेमपुर से लेकर बेल्थरा रोड, सिकंदरपुर, बाँसडीह, रेवती तक, बिहार बॉर्डर तक उस सड़क को बढ़ाने के लिए मैंने लगातार मांग की है । मैं आज सदन के माध्यम से और आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि उस सड़क को बनाया जाये, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी अच्छी हो जाए और वहां के लोग मुख्य धारा में जुड़कर विकास के मामले में आगे बढ़ें । धन्यवाद ।

HON. SPEAKER: Shri Malook Nagar, Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kushwaha.